ई-न्यूज

24 न्यूज अपडेट

WebSite.: https://24newsupdate.in

उदयपुर, बुधवार 12 नवम्बर 2025

Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com

वर्ष 2 अंक 197

दिल्ली ब्लास्ट- जनवरी से रची जा रही थी साजिश:दो साल से विस्फोटक जमा कर रही थी लेडी टेररिस्ट; PM मोदी अस्पताल में घायलों से मिले





24 न्यूज अपडेट

दिल्ली धमाका करने वाले आतंकियों का ग्रुप फरीदाबाद की अल फलाह यूनिवर्सिटी से संचालित हो रहा था। सूत्रों के मुताबिक धमाकों की साजिश जनवरी से की जा रही थी। फरीदाबाद से गिरफ्तार डॉ. शाहीन शाहिद ने बताया कि वह पिछले दो साल से विस्फोटक जमा कर रही थी।

शाहीन और उसके साथियों को मिलाकर एक व्हाइट कॉलर टेरर मॉड्यूल बनाया गया था। यानी इसमें पेशेवर लोगों को शामिल किया गया था। इसमें शामिल आतंकी जैश-ए-मोहम्मद और अंसार गजवत-उल-हिंद नाम के संगठनों जुड़े थे।

आतंकियों की दूसरी कार फरीदाबाद में मिली

इधर पुलिस ने आशंका जताई थी कि दिल्ली धमाके में शामिल आतंकियों के पास एक नहीं, बल्कि दो कारें थीं। लाल रंग की इस फोर्ड इकोस्पोर्ट कार का नंबर DL10-CK-0458 है। दिल्ली पुलिस ने बुधवार को इसकी तलाश के लिए दिल्ली के साथ पड़ोसी राज्यों यूपी और हरियाणा में अलर्ट जारी किया गया था।

अलर्ट जारी होने के बाद बुधवार शाम को ही कार को हरियाणा के खंदावली गांव के पास से बरामद किया गया है। यह कार डॉ. उमर उन नबी के नाम पर रजिस्टर्ड है।

प्रधानमंत्री घायलों को देखने अस्पताल पहुंचे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार दोपहर भूटान से लौटे। वे एयरपोर्ट से सीधे LNJP अस्पताल पहुंचे। यहां उन्होंने दिल्ली ब्लास्ट के घायलों के इलाज का जायजा लिया और डॉक्टरों से भी बात की। प्रधानमंत्री ने कहा कि साजिश को अंजाम देने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

देशभर में रेलवे स्टेशन, मॉल में धमाकों की साजिश थी

दिल्ली ब्लास्ट को अंजाम देने वाले आतंकियों ने देशभर में 200 बम (IEDs) से 26/11 जैसे हमले करने की साजिश रची थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दिल्ली के लाल किला, इंडिया गेट, कॉन्स्टिट्यूशन क्लब और गौरी शंकर मंदिर जैसी जगह धमाके किए जाने थे।

आतंकियों के टारगेट पर गुरुग्राम और फरीदाबाद के साथ देशभर के रेलवे स्टेशनों और बड़े मॉल्स भी थे। जांच एजेंसियों का कहना है कि वे धार्मिक स्थलों पर हमला कर देश में सांप्रदायिक तनाव फैलाना चाहते थे। इसके लिए उन्होंने कश्मीर के पुलवामा, शोपियां और अनंतनाग के डॉक्टरों को चुना, ताकि वे बिना रोकटोक कहीं भी जा सकें।

रिटेल महंगाई 14-साल में सबसे कम, अक्टूबर में 0.25% रही:खाने-पीने का सामान सस्ता होने का असर; सितंबर में 1.44% थी



24 न्यूज अपडेट

अक्टूबर में रिटेल महंगाई 0.25% के रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गई है। इसका कारण खाने-पीने की चीजों की कीमतों में कमी है। ये वर्तमान CPI सीरीज में अब तक की सबसे कम महंगाई है। यानी, ये करीब 14 साल का निचला स्तर है। इससे पहले सितंबर में ये 1.44% पर थी।

भारत में CPI की मौजूदा सीरीज 2012 के बेस ईयर पर बेस्ड है। मतलब, 2012 की कीमतों को 100 मानकर तुलना की जाती है। पहले 2010 या 1993-94 वाली सीरीज थीं, लेकिन समय के साथ अपडेट होती रहती है ताकि आंकड़े सही रहें। हर नई CPI सीरीज में बेस ईयर चेंज होता है।

अक्टूबर में खाने-पीने के सामानों की कीमत घटी


महंगाई के बास्केट में लगभग 50% योगदान खाने-पीने की चीजों का होता है। इसकी महीने-दर-महीने की महंगाई माइनस 2.28% से घटकर माइनस 5.02% हो गई है।

सितंबर महीने में ग्रामीण महंगाई दर 1.07% से घटकर माइनस 0.25% हो गई है। वहीं शहरी महंगाई 1.83% से घटकर 0.88% पर आ गई है।

बेस ईयर वो साल होता है जिसकी कीमतों को आधार (बेस) माना जाता है। यानी, उसी साल की चीजों की औसत कीमत को 100 का मान देते हैं। फिर, दूसरे सालों की कीमतों की तुलना इसी बेस ईयर से की जाती है। इससे पता चलता है कि महंगाई कितनी बढ़ी या घटी है।

उदाहरण: मान लीजिए 2020 बेस ईयर है। उस साल एक किलो टमाटर 50 का था। अब 2025 में वो 80 का हो गया। तो महंगाई = (80 - 50) / 50 × 100 = 60% बढ़ी। यही फॉर्मूला CPI में यूज होता है, लेकिन ये पूरे बाजार की चीजों पर लागू होता है।

18 एजेंसियों के सर्वे में NDA की सरकार:153 सीटों के साथ स्पष्ट बहुमत, महागठबंधन को 85 सीटें; PK की जन सुराज बेअसर रही



24 न्यूज अपडेट

18 एजेंसियों के पोल ऑफ पोल्स में बिहार में NDA को साफ बहुमत मिलता दिख रहा है। इनमें 243 सीटों की विधानसभा में NDA को 153 सीटें मिलने का अनुमान है। महागठबंधन को 85 सीटों पर सिमटता बताया जा रहा है, जबकि अन्य के खाते में 5 सीटें जा सकती हैं। पिछले चुनाव में NDA को 125, महागठबंधन को 110 और अन्य को 8 सीटें मिली थीं। यानी इस बार NDA को करीब 29 सीटों का फायदा, जबकि महागठबंधन को 27 सीटों का नुकसान होता दिख रहा है।

भाजपा को सबसे ज्यादा 75 सीटें मिलने का दावा है, जबकि कांग्रेस को 13 सीटें बताई जा रही हैं। पहली बार चुनाव में उतरी प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी बेअसर नजर आ रही है। उसे 3-5 सीटें मिलने का अनुमान है।

बिहार में 243 सीटों पर 2 फेज में चुनाव हुआ। पहले फेज में 121 सीटों पर 65% वोटिंग हुई है। वहीं दूसरी फेज में रिकॉर्ड 68.5% मतदान हुआ है। रिजल्ट 14 नवंबर को आएगा।

पिछले 2 चुनावों में गलत साबित हुए थे एग्जिट पोल

पिछले 3 विधानसभा चुनावों (2010, 2015, 2020) के एग्जिट पोल्स के रुझान बताते हैं कि सर्वे एजेंसियां वोटर्स का मूड ठीक से पकड़ नहीं पाईं। 2015 में ज्यादातर एग्जिट पोल्स ने NDA यानी भाजपा+ को बढ़त दी थी, जबकि नतीजों में महागठबंधन (RJD-JDU-कांग्रेस) ने स्पष्ट बहुमत हासिल किया। वहीं, 2020 में तस्वीर उलटी रही। इस बार कई एजेंसियों ने महागठबंधन की जीत का अनुमान लगाया, लेकिन परिणामों में NDA ने 125 सीटें जीतकर सरकार बनाई। यानी ज्यादातर पोल्स फिर गलत साबित हुए।

बिहार में एग्जिट-पोल्स पूरी तरह भरोसेमंद कभी नहीं रहे। सीटों को लेकर हर बार इनका गणित बिगड़ा है। हालांकि कुछ एग्जिट पोल में वोट प्रतिशत अनुमान करीब रहा है, लेकिन कितनी सीटें किस गठबंधन को मिलेंगी, ये बताने में नाकाम रहे।

माइग्रेंट वोटर्स: बिहार से बाहर काम करने वाले लाखों प्रवासी वोट देने के बाद लौटने की जल्दबाजी में होते हैं। ऐसे में उन्हें एक्जिट पोल सैंपल में शामिल करना मुश्किल होता है।

जाति-आधारित वोटिंग पैटर्न: बिहार में जातीय समीकरण जटिल है, और एक्जिट पोलर्स अक्सर छोटे सैंपल साइज के कारण निचली जातियों के शिफ्ट को मिस कर देते हैं।

साइलेंट वोटर्स: बिहार में बड़ा वर्ग साइलेंट वोटर है। यह चुनाव से जुड़े सर्वे करने वालों के सामने अपनी राजनीतिक पसंद या मतदान के इरादे को नहीं बताता है।

महिला वोटर्स: बिहार में महिलाओं का वोटर टर्नआउट पुरुषों से अधिक (2020 में महिलाओं का टर्नआउट 59.69% जबकि पुरुषों का 54.45% था) रहा है। महिलाएं पुरुषों और युवाओं के मुकाबले अपना ओपिनियन खुलकर शेयर नहीं करती हैं। इससे सर्वे के अनुमान बिगड़ जाते हैं।

गुजरात में भरूच की केमिकल कंपनी में बॉयलर फटा:3 की मौत, 24 घायल; धमाके से आसपास की कंपनियों को भी पहुंचा नुकसान



24 न्यूज अपडेट

गुजरात में भरूच जिले के इंडस्ट्रियल एरिया जीआईडीसी में मंगलवार देर रात एक कंपनी में विस्फोट से तीन लोगों की मौत हो गई है। वहीं, 24 कर्मचारी घायल हो गए। घायलों को भरूच के अलग-अलग अस्पतालों में एडमिट करवाया गया है। इनमें 4-5 कर्मचारियों की हालत गंभीर है।

बायलर फटने से लगी आग

सायखा गांव के पास जीआईडीसी की विशाल फार्मा नाम की कंपनी में रात करीब ढाई बजे बॉयलर फट गया, जिससे प्लांट में आग लग गई। विस्फोट इतना तेज था कि आसपास की 4 कंपनियों को भी नुकसान पहुंचा। हादसे में तीन कर्मचारियों की मौके पर ही मौत हो गई थी।


मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका

घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की 6 टीमें मौके पर पहुंचीं। घटनास्थल पर बचाव और राहत कार्य अभी भी जारी है और मलबे को हटाने के साथ-साथ मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका को देखते हुए तलाशी अभियान भी जारी है।

बगैर अनुमति के चल रही है कंपनी: सरपंच

सायखा गांव के सरपंच जयवीर सिंह ने हादसे को लेकर प्रशासन और कंपनी के मालिकों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। जयवीर का कहना है कि यह कंपनी बिना किसी अनुमति के चल रही है। फिर भी प्रशासन की ओर से कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

चांदी 1,945 बढ़कर 1.57 लाख किलो हुई:सोना 216 गिरकर 1.24 लाख प्रति 10 ग्राम पर आया, देखें अपने शहर के सोने के दाम



24 न्यूज अपडेट

सोने के दाम में आज यानी 12 नवंबर को गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार 10 ग्राम सोना 216 रुपए गिरकर 1,23,913 रुपए पर आ गया है। इससे पहले सोने की कीमत 1,24,129 रुपए प्रति 10 ग्राम थी।

वहीं, चांदी 1,945 रुपए बढ़कर 1,56,705 रुपए प्रति किलोग्राम पहुंच गई है। इससे पहले इसकी कीमत 1,54,760 प्रति किलोग्राम थी। 17 अक्टूबर को सोने ने 1,30,874 रुपए और 14 अक्टूबर को चांदी ने 1,78,100 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।

सेंसेक्स 595 अंक चढ़कर 84,467 पर बंद:निफ्टी भी 181 अंक चढ़ा; आईटी, ऑटो और फार्मा शेयरों में आज ज्यादा खरीदारी रही



24 न्यूज अपडेट

हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन बुधवार, 12 नवंबर को सेंसेक्स 595 अंक चढ़कर 84,467 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 181 अंक की तेजी रही। ये 25,876 के स्तर पर पहुंच गया है। आज के कारोबार में सबसे ज्यादा खरीदारी आईटी, ऑटो, फार्मा और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स के शेयरों में रही।

भोपाल के पॉश इलाके में डिप्टी कलेक्टर के घर में चोरी, 11 लाख के जेवरात और कीमती घड़ियां ले गए चोर



24 न्यूज अपडेट

भोपाल। राजधानी भोपाल के पॉश इलाके चार इमली में स्थित डिप्टी कलेक्टर अलका सिंह वामनकर के सूने सरकारी आवास में चोरों ने लाखों रुपए के जेवरात और कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। घटना ई-8/11 सरकारी मकान की है, जहां से चोर करीब 11 लाख रुपए मूल्य के 10 तोला सोने के जेवरात, 40 हजार रुपए की 250 ग्राम चांदी की पायजेब, और कीमती घड़ियों का कलेक्शन चुरा ले गए। हबीबगंज थाना पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और एफएसएल टीम के साथ जांच की। हालांकि अब तक पुलिस को कोई ठोस सबूत हाथ नहीं लगा है। टीआई संजीव चौकसे ने बताया कि कुछ संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है, जिससे जल्द ही आरोपियों तक पहुंचने की उम्मीद है। पुलिस के अनुसार, घर में सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे होने से जांच में कठिनाई आ रही है।

15 दिन से सूना पड़ा था मकान

डिप्टी कलेक्टर अलका सिंह वामनकर अपने पति के इलाज के लिए केरल गई थीं। करीब 15 दिन से मकान बंद था और उस दौरान कोई गार्ड तैनात नहीं था। अलका सिंह राजस्व आयुक्त कार्यालय में डिप्टी कलेक्टर के पद पर पदस्थ हैं। सोमवार दोपहर जब वे भोपाल लौटीं तो घर का मुख्य गेट टूटा हुआ मिला। अंदर जाकर देखा तो अलमारी से सोने-चांदी के जेवर और घड़ियां गायब थीं।

पति का इलाज कराने गई थीं केरल

जानकारी के अनुसार, अलका सिंह के पति मिथलेश वामनकर को बोलने में दिक्कत होती है। इसी कारण वे 3 नवम्बर को परिवार सहित केरल इलाज के लिए रवाना हुई थीं। 10 नवम्बर को लौटने पर जब उन्होंने दरवाजा खोला तो पूरा घर अस्त-व्यस्त मिला। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। चार इमली भोपाल का हाई सिक्योरिटी और वीआईपी क्षेत्र माना जाता है, जहां आईएएस, आईपीएस अधिकारी और मंत्रियों के आवास हैं। ऐसे इलाके में चोरी की घटना ने पुलिस गश्त पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों ने कहा कि इलाके में पहले भी कई बार चोरी और लूट की घटनाएं हो चुकी हैं।

संपादकीय : आतंक का दायरा

राजधानी दिल्ली में लालकिला के पास एक कार हुए धमाके की घटना ने एक बार फिर यहां की 'सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंताजनक सवाल खड़ा किया है, वहीं इस बात को लेकर एक आशंका खड़ी हो रही है कि क्या आतंकवादी संगठनों ने दोबारा अपने पांव फैलाने शुरू कर दिए हैं। हालांकि कार में हुए धमाके को लेकर फिलहाल कोई अंतिम निष्कर्ष सामने नहीं आया है कि विस्फोट का कारण क्या था, इसलिए इसके पीछे की मंशा के बारे में तभी कुछ ठोस सामने आ सकेगा, जब सरकार की ओर से कराई जाने वाली जांच की आधिकारिक रपट कोई संकेत करेगी। मगर धमाके का स्वरूप और उससे होने वाले नुकसान का जो दायरा दिखा, वह बेहद चिंताजनक है। इसमें किसी व्यापक साजिश की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता। गौरतलब है कि सोमवार की शाम एक कार में हुए विस्फोट के बाद आसपास खड़े कई अन्य वाहन उसकी जद में आ गए और कई लोगों की जान चली गई। घटना स्थल से जानमाल के नुकसान के जैसे ब्योरे सामने आए, वे किसी बड़े आतंकवादी हमले या बम विस्फोट की तस्वीर से ज्यादा अलग नहीं थे। जाहिर है, अब देश की जांच एजेंसियां इस धमाके के बारे में विस्तृत पड़ताल कर सच्चाई का पता लगाएंगी। फिलहाल जांच के बिंदु में सभी कोण शामिल होने चाहिए, क्योंकि देश की राजधानी में हुई यह घटना बेहद संवेदनशील है और कई तरह के खतरों का संकेत भी हो सकती है। यही वजह है कि इस मामले में यूएपीए, विस्फोटक अधिनियम और अन्य सख्त धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जांच का दायरा व्यापक रखा गया है। निश्चित रूप से इस धमाके की सभी कड़ियों की पड़ताल कर दोषियों को सजा के अंजाम तक पहुंचाने की जरूरत है, मगर सवाल यह भी उठता है कि राजधानी होने के नाते सुरक्षा व्यवस्था के लिहाज से सबसे चौकस और बेहतर मानी जाने वाली दिल्ली में इतनी बड़ी घटना हो गई और सुरक्षा एजंसियों को इसके बारे में कोई अंदाजा तक नहीं हुआ, तो यह किसकी नाकामी है! इस घटना के तार एक दिन पहले आतंकी तंत्र के एक हिस्से के खुलासे के तहत फरीदाबाद में गिरफ्तार किए गए लोगों के साथ जुड़े होने की आशंका भी जताई जा रही है। लेकिन कार में धमाके की वजह अगर कोई विस्फोटक था, तो उसे वाहन में लेकर कोई व्यक्ति बिना किसी रोकटोक के सड़क पर कैसे चलता रहा और क्या यह देश की खुफिया एवंसियों की कार्यशैली के चिंताजनक पहलू को नहीं दर्शाता है ! सबसे अहम है दिल्ली की सुरक्षा व्यवस्था को चौतरफा चाकचौबंद बनाना, कि यहां के लोगों को अतीत की वैसी त्रासदी का सामना फिर से करने की नौबत कभी न आए, जब यहां सिलसिलेवार बम धमाके हुए थे और उसमें कई लोग मारे गए आतंकी हमलों के वैसे दौर की वापसी न हो, इसके लिए सरकार को हर जरूरी कदम उठाने चाहिए। खासतौर पर किसी अंतरराष्ट्रीय साजिश के पहलू से इस घटना की गहन छानबीन होनी चाहिए। सिर्फ दावे करने भर से आतंकवाद का खात्मा होना मुमकिन नहीं है। जम्मू- कश्मीर में आज भी आतंकियों की घुसपैठ और हमले की कोशिशें बताती हैं कि देश में आतंकवाद आज भी एक ऐसी चुनौती है, जिसे लेकर थोड़ी भी लापरवाही की बड़ी कीमत चुकानी पड़ सकती है। सरकार की सबसे जरूरी प्राथमिकता यहां के आम लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना होना चाहिए। इसके लिए खुफिया एजेंसियों सहित सुरक्षा व्यवस्था के सभी मोर्चों पर निरंतर चौकस रहने की जरूरत है।

खतरे का तापमान

जलवायु परिवर्तन से उपजे संकट से निपटने के लिए वर्ष 2015 में वैश्विक स्तर पर पेरिस में एक महत्त्वपूर्ण समझौता हुआ था । इसका मुख्य लक्ष्य वैश्विक औसत तापमान में वृद्धि को पूर्व-औद्योगिक स्तर से 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करना था। मगर इस समझौते में जताई गई प्रतिबद्धता के अनुरूप प्रयास होते नजर नहीं आ रहे हैं। हालांकि, विकासशील देश इस दिशा में आगे बढ़ने का इरादा रखते हैं, लेकिन वित्तीय और तकनीकी चुनौतियां उनकी राह में रोड़े अटका रही हैं। इसके बावजूद भारत और चीन जैसे देश पेरिस समझौते के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए अपनी जिम्मेदारी निभाने की कोशिश कर रहे हैं। जलवायु परिवर्तन पर शुरू हुई 'संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन' की 30वीं वार्षिक बैठक में इन दोनों देशों की परिवर्तनकारी भूमिका की सराहना की गई। साथ ही कहा गया कि इन देशों ने जलवायु कार्रवाई को स्पष्ट तरीके से अपनाया है और वे दुनियाभर में स्वच्छ प्रौद्योगिकियों की लागत कम करने में मदद कर रहे हैं। दरअसल, पेरिस समझौते में तय हुआ था कि विकसित देश जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए विकासशील देशों की वित्तीय और तकनीकी रूप से मदद करेंगे। मगर संयुक्त राष्ट्र की हाल की एक रपट बताती है कि यह वित्तीय मदद लगातार घट रही है। विकासशील देशों को वर्ष 2035 तक अपने लक्ष्यों को पाने के लिए हर साल 365 अरब डालर की जरूरत है, लेकिन वर्ष 2023 में इन देशों को केवल 26 अरब डालर की अंतरराष्ट्रीय सहायता मिल पाई, जो वर्ष 2022 के 28 अरब डालर से भी कम है। सवाल है कि विकसित देशों ने अपने वादे के अनुसार विकासशील देशों को पर्याप्त वित्तीय सहायता प्रदान करने से अपने कदम पीछे क्यों खींच लिए हैं ? हो सकता है कि इन देशों को इसमें निजी हित नजर नहीं आ रहे हों, लेकिन उन्हें यह भी याद रखना चाहिए कि वैश्विक कार्बन उत्सर्जन में उनका योगदान सबसे ज्यादा है। इस लिहाज से विकासशील देशों की वित्तीय मदद और स्वच्छ प्रौद्योगिकियों को अपनाने में उनका तकनीकी तौर पर सहयोग करना विकसित देशों की नैतिक जिम्मेदारी है। इस पर भी विचार करने की जरूरत है कि दशकों से इस मसले पर जताई जा रही अंतरराष्ट्रीय चिंता का हासिल अब तक कोई ठोस हल सामने क्यों नहीं ला सका है।

फिर चला अतिक्रमण विरोधी अभियान - सवाल ये कि हर बार कार्रवाई के बाद हालात पहले जैसे क्यों हो जाते हैं?



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए उदयपुर नगर निगम का अभियान बुधवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। आयुक्त अभिषेक खन्ना के निर्देश पर सूरजपोल चौराहे से बलीचा तक निगम की टीम ने बड़ी कार्रवाई की। नगर निगम पुलिस निरीक्षक मांगीलाल डांगी, प्लाटून अधिकारी गीता शर्मा और होमगार्ड जाप्ता की टीम ने सड़क और फुटपाथ पर अवैध ठेलों को हटाया। कई जगहों पर दुकानदारों द्वारा बनाए गए स्थायी चबूतरे और अवरोधों को तोड़ा गया, जबकि लंबे समय से रास्ते में बाधा बने विद्युत पोलों को हटाकर मार्ग सुचारू किया गया। रेलवे स्टेशन के बाहर लगे अवैध ठेलों को भी जप्त किया गया। जांच में सामने आया कि केवल 6 ठेला व्यवसायियों के पास ही नगर निगम का वैध लाइसेंस है। लेकिन, इस कार्रवाई के साथ ही एक पुराना सवाल फिर उठ खड़ा हुआ है — आख़िर निगम को बार-बार अभियान चलाने की नौबत क्यों आती है? क्या यह निगम की स्थायी व्यवस्था बनाने में असफलता नहीं है कि अतिक्रमण हटाने के कुछ ही दिनों बाद सड़कें फिर से ठेलों, दुकानों और अवरोधों से भर जाती हैं? शहरवासी सवाल कर रहे हैं कि जब निगम के पास स्थायी मार्केट प्लान, ठेला जोन और फुटपाथ विक्रेताओं के लिए पंजीकरण नीति है, तो उसे लागू क्यों नहीं किया जाता? अक्सर होता यह है कि अफसरशाही एसी चेंबर में बैठी रहती है, और जब ऊपर से आदेश आते हैं तो "अचानक अभियान" शुरू कर दिया जाता है। तीन-चार दिन कार्रवाई चलती है, मीडिया में खबरें बनती हैं, और फिर सब पहले जैसा हो जाता है। स्थायी व्यवस्था की जरूरतः शहर के नागरिकों और व्यापारियों का मानना है कि निगम को अब केवल अस्थायी अभियान नहीं, बल्कि दीर्घकालिक समाधान की दिशा में काम करना चाहिए — फुटपाथ विक्रेताओं के लिए निश्चित जोन बनाए जाएं, लाइसेंस प्रक्रिया पारदर्शी की जाए, और जिन सड़कों पर बार-बार अतिक्रमण होता है, वहां स्थायी निगरानी तंत्र लगाया जाए।

राज दर्शन होटल फायरिंग कांड में दो और आरोपी गिरफ्तार, हाथीपोल थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। हाथीपोल थाना पुलिस ने बिच्छू घाटी रोड स्थित राज दर्शन होटल के बाहर आम रोड पर हुई फायरिंग की घटना में दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह घटना 2 अक्टूबर को हुई थी, जिसमें अज्ञात हमलावरों द्वारा फायरिंग कर क्षेत्र में दहशत फैलाई गई थी। थाना अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के नाम इस प्रकार है। शोएब उर्फ पहलवान पुत्र एजाज मोहम्मद, उम्र 27 वर्ष, निवासी चांदपोल बाहर, नागानगरी, थाना अंबामाता, मोहम्मद सोहेल उर्फ अन्ना पुत्र मोहम्मद रशीद, उम्र 26 वर्ष, निवासी महावतवाड़ी मस्जिद चौक, थाना घंटाघर। दोनों अभियुक्तों को फायरिंग प्रकरण में पूर्व में गिरफ्तार किए गए आरोपियों से पूछताछ के दौरान सामने आए साक्ष्यों के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपियों से घटना में प्रयुक्त हथियारों की जानकारी प्राप्त करने के लिए रिमांड पर लिया है। थाना अधिकारी के अनुसार प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि फायरिंग आपसी रंजिश को लेकर की गई थी। पुलिस अब अन्य सहयोगियों की तलाश में जुटी हुई है और घटना से संबंधित समस्त तथ्यों की जांच जारी है।

नाकाबंदी, गश्त और रेड में सैकड़ों लीटर वॉश नष्ट, कई अभियोग दर्ज



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। आबकारी आयुक्त शिवप्रसाद नकाते के निर्देशानुसार प्रदेशभर में अवैध मदिरा निर्माण, भंडारण, परिवहन और विक्रय पर रोकथाम के लिए चलाए जा रहे विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत व्यापक कार्रवाई की गई। अतिरिक्त आबकारी आयुक्त (प्रशासन) ओ.पी. जैन और अतिरिक्त आबकारी आयुक्त (पॉलिसी) प्रदीप सिंह सांगावत के सुपरविजन में जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ यह अभियान जारी है। झालावाड़ जिले के ग्राम जरैल, किशनपुरिया, तीतरवास, बिरियाखेड़ी और चांदियाखेड़ी में आबकारी निरोधक दल ने दबिश देकर 800 लीटर वॉश नष्ट की और 37 लीटर अवैध हथकड़ शराब जब्त की। मौके पर 4 अभियोग दर्ज किए गए। नागौर (मेड़ता सिटी) क्षेत्र में की गई कार्रवाई में 700 लीटर वॉश और 4 भट्टियाँ नष्ट की गईं, साथ ही 15 लीटर अवैध हथकड़ शराब जब्त की गई। हनुमानगढ़ जिले में भारतमाला रोड नगराना टोल प्लाजा, संगरिया पर नाकाबंदी कर वाहनों की सघन तलाशी ली गई। वहीं श्रीगंगानगर (रायसिंहनगर) क्षेत्र में दबिश के दौरान 1700 लीटर वॉश, 7 भट्टियाँ नष्ट कर 13 लीटर हथकड़ शराब बरामद की गई तथा 2 अभियोग दर्ज किए गए। प्रदेश के अन्य जिलों में भी आबकारी विभाग की टीमें अवैध शराब की रोकथाम हेतु नाकाबंदी, दबिश और गश्त की कार्रवाई निरंतर जारी रखे हुए हैं।

दिनदहाड़े घर में घुसे नकाबपोश हमलावर, बुजुर्ग महिला पर हमला कर भागे, प्रतापनगर थाना क्षेत्र की घटना, घर के सीसीटीवी में कैद हुए तीनों आरोपी



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर. प्रतापनगर थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े हुई एक सनसनीखेज वारदात ने इलाके में दहशत फैला दी। दो नकाबपोश व्यक्ति एक घर में घुसकर बुजुर्ग महिला पर हमला कर फरार हो गए। घटना के समय घर में केवल पीड़िता और एक कामकाजी महिला मौजूद थीं। जानकारी के अनुसार, अभय विहार कॉलोनी (एयरटेल ऑफिस के पास) निवासी मिलेश गोलछा के घर पर आज दोपहर करीब 3 बजे दो नकाबपोश युवक जबरन घुस आए। उन्होंने उनकी माताजी पर हमला करते हुए गला दबाने और चाकू लाने की धमकी दी। महिला ने शोर मचाया, जिसके बाद दोनों हमलावर मौके से भाग निकले। घर में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में साफ दिखाई दे रहा है कि तीन व्यक्ति बाइक पर आए थे, जिनमें से दो घर के अंदर घुसे और एक बाहर पहरा देता रहा। पीड़ित परिवार ने इस संबंध में प्रतापनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है। स्थानीय लोगों ने दिनदहाड़े इस तरह की वारदात पर चिंता जताते हुए कहा कि क्षेत्र में गश्त और निगरानी बढ़ाई जाए।

पवन कुमार रावल ने संभाला सलूंबर जिला शिक्षा अधिकारी का पद



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 12 नवम्बर . सलूंबर जिले के नए जिला शिक्षा अधिकारी के रूप में पवन कुमार रावल ने पदभार ग्रहण किया। उन्हें यह जिम्मेदारी पदोन्नति के बाद सौंपी गई है। मुख्यालय पर महेश चंद्र आमेटा ने औपचारिक रूप से रावल को पदभार सौंपा और उन्हें शुभकामनाएं दीं। लसाडिया ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के रूप में कार्य करते हुए रावल के नेतृत्व में ब्लॉक ने शाला दर्पण सहित कई शैक्षणिक योजनाओं में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कीं। उनके मार्गदर्शन में लसाडिया ब्लॉक ने खेलकूद प्रतियोगिताओं और शैक्षणिक गतिविधियों में भी श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। रावल की सक्रियता और नेतृत्व क्षमता के चलते अब उम्मीद की जा रही है कि सलूंबर जिले की शिक्षा व्यवस्था नई ऊंचाइयों को छुएगी।

शिक्षा से ही समाज और राष्ट्र उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा — प्रो. अरोड़ा



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। "शिक्षा केवल ज्ञान का माध्यम नहीं, बल्कि समाज, संस्कृति और मूल्यपरक जीवन का आधार है। शिक्षा व्यक्ति को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक बनाती है और सामाजिक समरसता व राष्ट्रीय विकास का पथ प्रशस्त करती है।" यह विचार एनसीटीई (नई दिल्ली) के अध्यक्ष प्रो. पंकज अरोड़ा ने बुधवार को राजस्थान विद्यापीठ (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी) के संघटक लोकमान्य तिलक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में व्यक्त किए। मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए प्रो. अरोड़ा ने कहा कि शिक्षा के माध्यम से समाज को समझना और उसी समझ के आधार पर शोध व व्यवसाय का चयन करना ही स्व-विकास और राष्ट्र उन्नति का मार्ग है। उन्होंने कहा कि शिक्षा हमे सामुदायिक सरोकारों और मानवीय मूल्यों से जोड़ती है। प्रो. अरोड़ा ने राजस्थान विद्यापीठ के समाजोन्मुखी दृष्टिकोण और शिक्षा के मानवीय स्वरूप को प्रोत्साहित करने की प्रतिबद्धता की सराहना की। समारोह से पूर्व प्रो. अरोड़ा ने एग्रीकल्चर महाविद्यालय का अवलोकन किया और संस्थान द्वारा वंचित वर्ग के हित में किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। स्वागत उद्बोधन में कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने कहा कि विद्यापीठ समग्र विकास, समाज की उन्नति और राष्ट्र निर्माण के लिए निरंतर कार्यरत है। उन्होंने कहा कि सामुदायिक सेवा, कौशल विकास और सामाजिक सरोकार ही संस्थान का मूल मंत्र हैं। उन्होंने शिक्षकों और विद्यार्थियों से नवाचार और समर्पण के माध्यम से सफलता के नए आयाम स्थापित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रो. पंकज अरोड़ा का माला, उपरणा, स्मृति चिन्ह और अभिनंदन पत्र भेंट कर सम्मान किया गया। इसी अवसर पर डॉ. बलिदान जैन एवं डॉ. अनीता कोठारी द्वारा सह-लेखित पुस्तक "समसामयिक भारत और शिक्षा" का विमोचन अतिथियों द्वारा किया गया। इस मौके पर डीन प्रो. सरोज गर्ग, डॉ. मुकुंद झा, निर्मल अरोड़ा, डॉ. बलिदान जैन, डॉ. रचना राठौड़, डॉ. अमी राठौर, डॉ. भूरालाल श्रीमाली, डॉ. सुनीता मुंडिया सहित अकादमिक एवं गैर-अकादमिक स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. हरीश चौबीसा ने किया तथा आभार अधिष्ठाता प्रो. सरोज गर्ग ने व्यक्त किया।

माधुरी नागर की स्मृति में 15 यूनिट रक्तदान



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। पूर्व पार्षद गोपाल नागर की पत्नी श्रीमती माधुरी नागर की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर गोपाल नागर फ्रेंड्स ग्रुप की ओर से बुधवार को महाराणा भूपाल चिकित्सालय में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। पूर्व पार्षद रविन्द्र पाल सिंह कप्पू ने जानकारी देते हुए बताया कि इस शिविर में कुल 15 यूनिट रक्तदान किया गया। कार्यक्रम में ब्लड बैंक अधिकारी संजय प्रकाश, गोपाल नागर, रविन्द्र पाल सिंह कप्पू, डॉ. चमन सिंह, कृष्णवीर सिंह चौहान, जगदीश लोहार, विनोद नागर, दीपक नागर, ध्वनि जैन, प्रसंग नागर, सार्थक और जानी जैन सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे। रक्तदान शिविर में उपस्थित सभी ने दिवंगत माधुरी नागर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा मानव सेवा कार्य है और इस प्रकार के आयोजन समाज में मानवीय संवेदनाओं को मजबूत करते हैं।

समाचार भेजने के लिए हमारी मेल आई-डी पर संपर्क करें -
desk24newsupdate@gmail.com

राजस्थान में पहली बार 7 संभागों में एक साथ होगा घूमर
फेस्टिवल, विशेष साउंड ट्रैक तैयार, मुफ्त होगा रजिस्ट्रेशन



24 न्यूज अपडेट

जयपुरः राजस्थान की पारंपरिक लोक-संस्कृति और नारी-सौंदर्य के प्रतीक घूमर नृत्य को वैश्विक मंच पर नई पहचान दिलाने की तैयारी तेज हो गई है. इसी मकसद के साथ प्रदेश सरकार पहली बार घूमर फेस्टिवल का आयोजन करने जा रही है. यह महोत्सव बुधवार, 19 नवंबर को प्रदेश के सात संभागीय मुख्यालयों जयपुर, जोधपुर, बीकानेर, अजमेर, उदयपुर, कोटा और भरतपुर में एक साथ आयोजित किया जाएगा. इस सिलसिले में बुधवार को उपमुख्यमंत्री और कला संस्कृति मंत्री दीया कुमारी ने अहम बैठक ली. उन्होंने बताया कि जयपुर में राज्यस्तरीय कार्यक्रम का आयोजन विद्याधर नगर स्टेडियम के फुटबॉल ग्राउंड में किया जाएगा. दीया कुमारी ने कहा कि घूमर नृत्य राजस्थान की सांस्कृतिक पहचान है. इस फेस्टिवल का मकसद राज्य की लोक-संस्कृति को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसारित करना है.

घूमर फेस्टिवल की तैयारियों पर समीक्षा बैठकः उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी की अध्यक्षता में बुधवार को राजस्थान पर्यटन भवन के कॉन्फ्रेंस हॉल में जनप्रतिनिधियों और विभिन्न स्टेकहोल्डर्स के साथ बैठक हुई. इसमें फेस्टिवल की तैयारियों और समन्वय से जुड़े बिंदुओं पर तफ्सील से चर्चा की गई. दीया कुमारी ने कहा कि इस फेस्टिवल में 12 साल से अधिक उम्र की बालिकाएं और किसी भी उम्र की महिलाएं भाग ले सकती हैं. उन्होंने स्कूल-कॉलेज की छात्राओं, गृहिणियों, कामकाजी महिलाओं और प्रोफेशनल डांसर्स से अपील की कि वे अपनी कला को मंच पर पेश करें और राजस्थान की सांस्कृतिक विरासत को सशक्त बनाएं.

घूमर की रंगीन छटा बिखेरेगा राजस्थानः 19 नवम्बर को सातों संभाग मुख्यालयों में एक साथ होने वाले इस आयोजन से राज्य भर में लोक नृत्य की रंगीन छटा बिखरेगी. जयपुर में यह आयोजन लाइव म्यूजिक पर होगा, जहां गणगौर घूमर डांस अकादमी की कार्यकारी निदेशक ज्योति तोमर के निर्देशन में अकादमी के सदस्य और चयनित प्रतिभागी पारंपरिक संगीत की धुनों पर प्रदर्शन करेंगे. इसके अलावा घूमर महोत्सव के लिए सातों संभाग में नोडल और सहायक नोडल नियुक्त किए गए हैं. जिनमें अजमेर के लिए कृष्ण कुमार और योगेश खत्री, भरतपुर के लिए संजय जौहरी और प्रवीण लखपत, बीकानेर के लिए महेश व्यास और योगेश राय, जयपुर के लिए उपेंद्र सिंह शेखावत और बाबूलाल मीणा, जोधपुर के लिए भानु प्रताप और सरिता फिरोदा, कोटा के लिए विकास पांडे और संदीप श्रीवास्तव के साथ ही उदयपुर के लिए शिखा सक्सेना और जितेंद्र माली को नोडल बनाया गया है.

जयपुर में एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स के नए मुख्यालय से
मादक पदार्थों के खिलाफ जंग को मिलेगी नई रफ्तार



24 न्यूज अपडेट

जयपुर 12 नवंबर। राजस्थान पुलिस ने समाज को नशा-मुक्त बनाने के अपने मिशन में एक महत्वपूर्ण पड़ाव पार किया है। पुलिस महानिदेशक श्री राजीव कुमार शर्मा ने बुधवार को जयपुर के जगतपुरा स्थित 7 नं. चौराहा महल रोड पर एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स (ANTF) के नवीन कार्यालय का भव्य शुभारंभ किया। यह उद्घाटन राज्य पुलिस की मादक पदार्थों के व्यापार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति को और सशक्त करता है।

फीता खोल कर किया विधिवत उद्घाटन

डीजीपी श्री राजीव कुमार शर्मा ने मुख्य द्वार पर पूजा-अर्चना कर और फीता खोलकर कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया। इस दौरान आईजी एएनटीएफ विकास कुमार ने डीजीपी श्री शर्मा को विंग की सभी शाखाओं का अवलोकन कराया और एएनटीएफ द्वारा की गई महत्वपूर्ण कार्यवाहियों पर एक विस्तृत प्रजेंटेशन भी दिया। इस मौके पर एएनटीएफ की श्रीगंगानगर, जोधपुर, बाड़मेर, जालोर सहित 10 चौकियों के प्रभारी भी ऑनलाइन जुड़े और अपना—अपना परिचय दिया।

इस कार्यक्रम में डीजी ट्रैफिक श्री अनिल पालीवाल, एडीजी सर्वश्री दिनेश एमएन, हवा सिंह घुमरिया, भूपेंद्र साहू, वी के सिंह, विशाल बंसल, बिपिन पाण्डेय, प्रशाखा माथुर, लता मनोज कुमार सहित कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

डीजीपी ने कहाः अंतर्राज्यीय बॉर्डर पर होगी सख्ती :

उद्घाटन के दौरान मीडिया से बात करते हुए, डीजीपी श्री राजीव शर्मा ने एएनटीएफ के मिशन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एएनटीएफ की कुल 18 चौकियाँ स्थापित होनी हैं, जिनमें से 10 में संचालन शुरू हो चुका है। एएनटीएफ को अपने गठन के उद्देश्य को पूरा करने के लिए सभी आवश्यक संसाधनों से सुसज्जित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि नशे के विरुद्ध एक सघन और वृहद् स्तर पर कार्रवाई हो, इसके लिए एक कोऑर्डिनेटर अप्रोच के साथ केंद्रीय और राज्य की अन्य एजेंसियों को साथ मिलकर काम करने की शुरुआत की गई है। अंतर-राज्य बॉर्डर पर ड्रोन से मादक पदार्थों की सप्लाई से निपटने के लिए एंटी-ड्रोन सिस्टम तैनात किए गए हैं। बीएसएफ पहले से ही कार्यरत है और राजस्थान पुलिस भी इसके लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मादक पदार्थ की आवागमन-सप्लाई पर रोक लगे और इसके लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।

श्री शर्मा ने बताया कि नशे के विरुद्ध कार्रवाई के लिए स्थानीय पुलिस की भी मदद ली जाएगी, लेकिन एक समर्पित यूनिट के रूप में एएनटीएफ अपनी पूरी एनर्जी और समय इस समस्या पर लगाएगी, जिससे कार्रवाई निश्चित ही बेहतर हो सकेगी। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसे अपराधी जो नाबालिगों का उपयोग मादक पदार्थों की तस्करी में कर रहे हैं उनके खिलाफ अब नए कानून के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। गठन के बाद एएनटीएफ द्वारा एनसीबी के साथ मिल लगातार संयुक्त कार्रवाई की जा रही है, जिसे उन्होंने आगे भी जारी रखने का आश्वासन दिया।

चित्तौड़गढ़ में भाजपा नेता की हत्या मामलाः शव ले जा रही एंबुलेंस रोकी, SHO
ने तानी पिस्टल; परिजनों का कलेक्ट्रेट पर धरना, बाद में सहमति से खत्म



24 न्यूज अपडेट

चित्तौड़गढ़। भाजपा नेता रमेश ईनाणी हत्याकांड को लेकर बुधवार को चित्तौड़गढ़ में दिनभर तनावपूर्ण माहौल रहा। भाजपा नेता का शव उदयपुर से चित्तौड़गढ़ लाया जा रहा था, इसी दौरान कोतवाली थाना क्षेत्र में पुलिस ने एंबुलेंस रोक ली। परिजनों का आरोप है कि SHO निरंजन प्रताप सिंह ने पिस्टल तानकर डराने की कोशिश की। गुस्साए परिजन और समर्थक एंबुलेंस को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे और धरने पर बैठ गए। करीब दोपहर बाद प्रशासनिक सहमति बनने पर धरना समाप्त किया गया। पुलिस बोली— पिस्टल तानने का नहीं, संभालने का था मकसद सदर थाना SHO निरंजन प्रताप सिंह ने बताया कि भीड़ काफी अधिक थी और एंबुलेंस को कलेक्ट्रेट की ओर ले जाने की कोशिश की जा रही थी, जबकि पुलिस शव को सीधे घर ले जाने की बात कह रही थी। उन्होंने कहा— "भीड़ ज्यादा थी, ऐसे में पिस्टल गिर न जाए या किसी के हाथ न लग जाए, इसलिए मैंने उसे हाथ में पकड़ रखा था। मेरा मकसद किसी को डराना नहीं था। पिस्टल तानने और पकड़ने में पोजिशन का फर्क होता है।"

भाजपा नेता रमेश ईनाणी की मंगलवार को हुई थी हत्या

65 वर्षीय रमेश ईनाणी वर्ष 2019 से 2022 तक भाजपा में नगर मंत्री पद पर रहे थे। मंगलवार सुबह वे स्कूटी से जा रहे थे, तभी हेलमेटधारी बदमाश ने ओवरटेक कर गोली मार दी। रमेश ईनाणी स्कूटी समेत गिर पड़े। उन्हें गंभीर हालत में चित्तौड़गढ़ के जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से उदयपुर रेफर किया गया। इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शाम तक मुख्य आरोपी शूटर मनीष दुबे (उत्तर प्रदेश निवासी) को डिटेन कर लिया था।

पुलिस पर बयान छुपाने का आरोप परिजनों ने आरोप लगाया कि रमेश ईनाणी ने मरने से पहले बयान दिया था, लेकिन पुलिस ने उसे लिखित में दर्ज नहीं किया। परिजनों का कहना है कि अगर पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई की होती तो मुख्य साजिशकर्ता अब तक पकड़े जा चुके होते। उन्होंने उच्च स्तरीय जांच की मांग की और कहा कि दोषियों को सख्त सजा दी जाए।

व्यापारियों ने रखा बाजार बंद

रमेश ईनाणी की हत्या के विरोध में बुधवार को शहर के सभी प्रमुख बाजार बंद रहे। गांधी चौक, सदर बाजार, नेहरू नगर, गोल प्याऊ चौराहा, कलेक्ट्रेट चौराहा, स्टेशन रोड और बस स्टैंड क्षेत्र की दुकानों के शटर नहीं खुले।

वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने पर अनूठा
आयोजन, राष्ट्रप्रेम और सुधार का संदेश



24 न्यूज अपडेट

जयपुर 12 नवंबर। दौसा के विशिष्ट केंद्रीय कारागृह श्यालावास में बुधवार को देशभक्ति और राष्ट्रीयता की भावना से ओतप्रोत एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन वंदे मातरम् राष्ट्रगीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के ऐतिहासिक अवसर पर किया गया। इस दौरान कारागृह के मैदान में लगभग चार सौ बंदियों और जेल स्टाफ़ ने मिलकर एक विशाल मानव श्रृंखला बनाई, जिससे जमीन पर वंदे मातरम् शब्द की आकृति तैयार हुई। बंदी संदीप अग्रवाल, विकास शर्मा और दीनदयाल ने इस आकृति को बनाने में महत्वपूर्ण सहयोग किया।

एकता और समर्पण का प्रतीक इस दौरान बंदियों ने पूरे जोश के साथ तिरंगा झंडा लहराया, जिससे पूरा वातावरण देशभक्ति के नारों से गूंज उठा। जेल अधीक्षक पारस जांगिड़ ने इस आयोजन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह कार्यक्रम देश की एकता, अखंडता और मातृभूमि के प्रति समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने जोर दिया कि भारत माता की आराधना केवल शब्दों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि वह कर्म में भी झलकनी चाहिए।

अधीक्षक जांगिड़ ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बंदियों में सुधार लाना और उनमें राष्ट्रभावना को जागृत करना है। इस तरह के कार्यक्रम बंदियों को सकारात्मक दिशा देते हैं और उन्हें मुख्यधारा में लौटने के लिए प्रेरित करते हैं। बंदियों ने सामूहिक रूप से देशभक्ति गीतों और नारों के माध्यम से देश के प्रति अपनी निष्ठा प्रकट की।

कार्यक्रम में जेलर विकास बागोरिया, उप जेलर दिलावर ख़ान, प्लाटून कमांडर मनेश कुमार और अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे, जिन्होंने बंदियों के साथ मिलकर इस राष्ट्रीय भावना के प्रदर्शन में हिस्सा लिया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक रूप से वंदे मातरम् राष्ट्रगीत के गान से हुआ, जिससे पूरा कारागृह परिसर देशभक्ति की ऊर्जा से भर गया।

राजस्थान के 3 शहरों में 35-ठिकानों पर इनकम-टैक्स की रेड : भीलवाड़ा में रत्नाकर ग्रुप,
सीकर में खंडेलवाल ट्रेडिंग कंपनी और सालासर ट्रेडिंग कॉर्पोरेशन पर छापेमारी

24 न्यूज अपडेट

राजस्थान में जयपुर, सीकर और भीलवाड़ा में स्टील कारोबार से जुड़ी कंपनियों पर आयकर विभाग ने छापेमारी की। इन तीनों शहरों में 35 ठिकानों पर बुधवार सुबह से टैक्स चोरी को लेकर सर्च किया जा रहा है।

आयकर विभाग के सूत्रों के मुताबिक, स्टील कारोबारी से जुड़ी कंपनियों में बड़े पैमाने पर टैक्स चोरी को लेकर सूचना मिल रही थी। आयकर विभाग की टीमों ने जयपुर, सीकर और भीलवाड़ा में स्टील कारोबारियों के ऑफिस-घर के साथ ही उनसे जुड़े लोगों पर भी छापेमारी की।

तीनों शहर में छापेमारी में आयकर विभाग की करीब 50 टीम लगी हुई है। जयपुर में 15 जगहों सहित सीकर और भीलवाड़ा में कुल



35 जगहों पर एक साथ रेड की गई। छापेमारी में करोड़ों रुपए की टैक्स चोरी उजागर होने की उम्मीद जताई है।

भीलवाड़ा में रत्नाकर ग्रुप पर हुआ एक्शन

भीलवाड़ा में रत्नाकर ग्रुप के ठिकानों पर छापे मारे गए हैं। इनकम टैक्स के अधिकारियों की टीम गांधीनगर स्थित ग्रुप के मुख्य कार्यालय और पांसल रोड की फैक्ट्री में पहुंची और सर्च की कार्रवाई शुरू की। इससे पहले रत्नाकर ग्रुप पर DGGI ने कार्रवाई करते हुए करीब 20 करोड़ रुपए की पेनल्टी लगाई थी।

रत्नाकर सरिया के डायरेक्टर शंकर लाल जाट हैं, उनके भाई डालचंद जाट भी कंपनी में सहयोगी है। इसमें शंकर लाल जाट का बेटा राजेंद्र चौधरी भी कारोबार संभालता है। कंपनी का सालाना टर्न ओवर 100 करोड़ से ज्यादा का बताया गया है।

सीकर में 2 कंपनियों पर छापा

सीकर में इनकम टैक्स विभाग की टीमों ने खंडेलवाल ट्रेडिंग कंपनी और सालासर ट्रेडिंग कॉर्पोरेशन पर छापा मारा है। इनकम टैक्स के 12 से ज्यादा अधिकारी और कर्मचारी 4 गाड़ियों में सीकर पहुंचे।

डिजिटल उपकरण भी खंगाले जा रहे

इनकम टैक्स की टीम ने सभी स्टील कारोबारियों के दफ्तर और फैक्ट्री में मौजूद दस्तावेजों की जांच कर रही है। इसके अलावा वहां रखे डिजिटल उपकरणों को भी खंगाला जा रहा है, ताकि टैक्स चोरी से जुड़े सबूत जुटाए जा सकें।

जिला पुलिस को विशेष अभियान धरकरभर के तहत
मिली सफलता, एक साल से फरार था वांछित आरोपी



24 न्यूज अपडेट

जयपुर 12 नवंबर। जिला पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र सिंह मीना के निर्देशानुसार चलाए जा रहे विशेष अभियान धरकरभर' के तहत बाड़मेर पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस थाना गडरारोड़ और डीएसटी की संयुक्त टीम ने जानलेवा हमले के एक प्रकरण में पिछले एक वर्ष से फरार चल रहे 10,000 के इनामी आरोपी देराजराम उर्फ देराराम जाट निवासी रावतसर को गिरफ्तार किया है।

एसपी मीना ने बताया कि थाना रिको में दर्ज प्रकरण के अनुसार घटना 24 नवम्बर, 2024 को सिणधरी चौराहा पर हुई थी, जहाँ आपसी रंजिश के चलते स्कॉर्पियो सवार हमलावरों ने थार गाड़ी को टक्कर मारकर और पिस्टल से फायर कर करमेन्द्र जाट को घायल कर दिया था। आरोपी देराजराम उर्फ देराराम पर इस अपराध के मुख्य मुलजिम करनाराम जाट को अवैध पिस्टल उपलब्ध कराने का आरोप था। लम्बे समय से फरार रहने के कारण, इसे टॉप-10 अपराधियों की श्रेणी में शामिल किया गया था।

आरोपी देराजराम की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक कार्यालय ने 10,000 का इनाम घोषित किया था। थानाधिकारी गडरारोड़ छेलसिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम गहन अनुसंधान कर रही थी। इस कार्रवाई में डीएसटी की विशेष भूमिका रही। टीम ने तकनीकी साधनों और आसूचना के आधार पर फरार अपराधी की लगातार निगरानी की।

टीम को जैसे ही मुलजिम के रावतसर में आने की पुख्ता सूचना मिली, त्वरित कार्रवाई करते हुए दस्तयाब कर लिया। आरोपी देराजराम का पूर्व में भी अपहरण का एक प्रकरण दर्ज है। इस गिरफ्तारी में हेड कांस्टेबल प्रेमाराम, कांस्टेबल नखतसिंह, नीम्बिंसह सहित डीएसटी टीम के सदस्यों और गडरारोड़ पुलिस टीम का विशेष योगदान रहा।

अंतर्राज्यीय गैंग का सक्रिय सदस्य है आरोपी, दिनदहाड़े हुई 30 लाख की चोरी की
वारदात का खुलासा, जयपुर सहित कई जिलों की वारदातें खुलने की संभावना



24 न्यूज अपडेट

जयपुर 12 नवंबर। नागौर एसपी मृदुल कच्छावा के निर्देशानुसार वांछित अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। मेड़तासिटी थाना पुलिस और डीएसटी मेड़ता की संयुक्त कार्रवाई में अंतर्राज्यीय बावरिया गैंग के शातिर सदस्य और 15,000 के इनामी आरोपी मूलचंद उर्फ मूल्या को गिरफ्तार किया गया है।

एसपी कच्छावा ने बताया कि 11 अप्रैल को ग्राम कुरडाया में एक मकान के ताले तोड़कर चोरी की गई थी। पीड़ित परमा देवी के अनुसार चोर दिन के समय उनके घर से लगभग 30 लाख कीमत का 30 तोला सोना, 900 ग्राम चांदी के आभूषण और 1.50 लाख की नकदी चुरा ले गए थे। इस प्रकरण में पूर्व में भी गैंग के तीन अन्य सदस्य नन्दाराम, हंसराज, और शेरू को गिरफ्तार किया जा चुका है। शातिर गैंग का तरीका-ए-वारदात गिरफ्तार आरोपी मूलचंद उर्फ मूल्या पुत्र रामदेव बावरिया निवासी फुलेरा जयपुर गैंग का एक मुख्य सदस्य है। यह गैंग छोटी गाड़ियों पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर दिन के समय सुनसान या मुख्य सड़क के पास के मकानों की रैकी करती है। रैकी के बाद 10-12 सदस्यों की यह गैंग दिन में ही वारदात को अंजाम देती है। चोरी के दौरान 2-3 सदस्य घर के अंदर घुसते हैं, जबकि बाकी बाहर निगरानी करते हैं और अपने बचाव के लिए गिलोल, पत्थर, और डंडे साथ रखते हैं।

गिरफ्तार आरोपी मूलचंद उर्फ मूल्या का आपराधिक रिकॉर्ड काफी लंबा है, जिसमें लूट, डकैती और यौन उत्पीड़न (पोक्सो एक्ट) जैसे गंभीर मामले दर्ज हैं। पुलिस को उम्मीद है कि इस शातिर अपराधी की गिरफ्तारी से नागौर, डीडवाना, जयपुर और आसपास के जिलों में हुई चोरी और नकबजनी की कई अन्य वारदातों का खुलासा हो सकेगा। इस सफलता में थानाधिकारी धर्मेश दायमा सहित डीएसटी और फुलेरा पुलिस टीम के सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

राग द्वेष खत्म करके व्यक्ति वीतराग बन सकता है : आचार्य महाश्रमण



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 12 नवम्बर। तेरापंथ धर्मसंघ के एकादशम अधिशास्ता आचार्य महाश्रमण अपनी धवल वाहिनी के साथ लम्बे-लम्बे डग भरते हुए मेवाड़ की ओर अपने चरण बढ़ा रहे है। श्री मेवाड़ जैन श्वेताम्बर तेरापंथी कांफ्रेंस के अध्यक्ष राजकुमार फत्तावत ने बताया कि आचार्य महाश्रमण 12 नवम्बर को प्रातः हिम्मतनगर से का विहार कर गम्भोई पहुंचे। आगामी 16 नवंबर को आचार्य महाश्रमण रतनपुर बॉर्डर से राजस्थान की सीमा में प्रवेश करेंगे। आचार्य महाश्रमण मुंबई, सूरत और अहमदाबाद चातुर्मास संपन्न करके लगभग 3 वर्ष पश्चात राजस्थान पधार रहे है। आचार्य महाश्रमण के विहार के दौरान मार्ग में जगह- जगह ग्रामीणों और श्रावक-श्राविकाओं द्वारा अभिवादन किया गया। आचार्य महाश्रमण ने ग्रामीणों का नशामुक्ति की प्रेरणा दी। आचार्य महाश्रमण का अपनी धवल वाहिनी के साथ अगला पड़ाव 13 नवम्बर को राजेंद्र नगर में होगा। आचार्य महाश्रमण ने उपस्थित जन समुदाय और को अमृत देशना देते हुए फरमाया कि राग द्वेष की भावना को खत्म करने वितरागता को प्राप्त कर सकते है। केवलज्ञानी बन सकते है। लौकिकता में शरीर आदि बाहरी चीजें होती है। और आध्यात्मिकता में आत्मा होती है। साधना के क्षेत्र में व्यक्ति का आत्म मुखी होना आवश्यक होता है। हमें यह समझना होगा कि धन, मोह, माया कभी भी हमारे साथ चलने वाले नहीं है। साधना और धर्म ही हमेशा काम आने वाला है। समणी अपूर्वप्रज्ञा ने अहंकार को हटाने के संदर्भ में अंग्रेजी में अपनी सारगर्भित बात रखी। गम्भोई उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य कमलेश भाई पटेल, गम्भोई के ठाकुर रणजीत सिंह का का साहित्य समर्पण, उपरना और स्मृति चिन्ह से अभिनंदन मेवाड़ कांफ्रेंस महामंत्री बलवंत रांका, मोतीलाल पोरवाल, राजमल चपलोत, प्रकाश पितलिया द्वारा किया गया। अंत में उपस्थित जन समुदाय को मंगल पाठ का श्रवण करवाया गया।

मार्ग सेवा में किशनलाल डागलिया, राजकुमार फत्तावत, भूपेंद्र चोरडिया, कमलेश कच्छारा, बलवंत रांका , सूर्यप्रकाश मेहता, अरुण मेहता , राजीव सुराणा, सुरेश चोरडिया, राजेश खाब्या, सुनील कोठारी, प्रेक्षा वरिष्ठ नागरिक संघ उदयपुर के मोतीलाल पोरवाल, रतन मेहनोत, अशोक लोढ़ा, महेंद्र पितलिया, राजमल चपलोत, आनंद कुमार इन्टोदिया, नरेंद्र सिंह लोढ़ा, नरेंद्र नागौरी, प्रकाश पितलिया, ताराचंद सिंघवी, मंजू चौधरी, ज्योति मेहनोत, गंगा पितलिया, पुष्पा नागौरी, हेमलता नागौरी, उषा लोढ़ा, वैभव चौधरी अक्षत पोरवाल, नमन सोनी, हर्षिल बोहरा आदि आचार्य महाश्रमण की मार्ग सेवा में सहभागी रहे।

सुखाड़िया विश्वविद्यालय में एक दिवसीय युवा संसद प्रतियोगिता आयोजित, छात्रों द्वारा तैयार की गई मैगज़ीन 'डॉकेट डाइजेस्ट 1.0' का अनावरण



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के संगटक विधि महाविद्यालय में पाँच वर्षीय बीए-एलएलबी पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों द्वारा एक दिवसीय युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन मंगलवार को महाविद्यालय सभागार में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विधि महाविद्यालय के अधिष्ठाता प्रो. आनंद पालीवाल ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएँ युवाओं में आत्मविश्वास, तर्कशीलता और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी की भावना को प्रबल करती हैं। निर्णायक मंडल में डॉ. राजश्री चौधरी, डॉ. प्रियदर्शी नागदा, डॉ. कल्पेश निकावत, डॉ. पंकज मीणा, डॉ. स्नेहा सिंह और मेघा भटनागर शामिल रहे। आयोजन में श्री नवनीत सोलंकी, मोनिल धाबाई और अकादमिक समिति की प्रमुख भूमिका रही। कार्यक्रम में लगभग 400 विद्यार्थी उपस्थित थे। युवा संसद की थीम थी – "एआई के साथः भारत के युवा गढ़ रहे भविष्य!" जिसमें प्रतिभागियों ने गलवान, आतंकवाद जैसे समसामयिक मुद्दों पर जोरदार बहस की। संसद में प्रधानमंत्री की भूमिका होनेशा यादव, अमित शाह की कृतज्ञ तम्बोली, और राहुल गांधी की भूमिका गिरिक्षा कारसवर ने निभाई। कार्यक्रम में प्रो. पालीवाल ने विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई महाविद्यालय की पहली मैगज़ीन 'डॉकेट डाइजेस्ट 1.0' का भी अनावरण किया। प्रतियोगिता में विजेता इस प्रकार रहे —सर्वश्रेष्ठ संसद सदस्यः अरविंद नायक, कूहू दवे श्री स्टारगेज़रः राजू सेजू सुश्री स्टारगेज़रः स्वाति खडिया सर्वश्रेष्ठ विदेशी प्रतिनिधिः हर्षित पारिख सर्वश्रेष्ठ मीडिया कर्मीः यवन्तिका शर्मा कुशल प्रशासकः हिमांशी जिंगर कार्यक्रम के अंत में शिक्षकों ने आयोजनकर्ता तन्वी त्रिवेदी, सिद्धि पंवार एवं समिति के सभी सदस्यों को शुभकामनाएँ दीं।

अहंकार आने से मनुष्य का पतन शुरू हो जाता है : आर्यिका सुप्रज्ञमती



24 न्यूज अपडेट

खेरवाड़ा, तहसील रोड स्थित शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में प्रवासरत आचार्य सुनीलसागर की सुयोग्य शिष्या विदुषी आर्यिका सुप्रज्ञमती माताजी ससंघ के श्री मुख से प्रातः मंदिर में भगवान शांतिनाथ का पंचामृत अभिषेक एवं शांतिधारा की गई। इसके पश्चात मंदिर परिसर के विशाल सभागार में समाजजनों को धर्म सभा में संबोधित करते हुए रयनसार ग्रंथ के दृष्टांत के माध्यम से बताया कि इस ग्रंथ में सम्यक दर्शन की मुख्यता से सम्यक ज्ञान और सम्यक चारित्र तथा उनके अंतर्गत श्रावक और मुनि के आवश्यक कर्तव्य पर प्रकाश डाला गया है।

श्रावकों को मंगल आशीर्वाद प्रदान करते हुए बताया कि छह द्रव्य में हम जीव द्रव्य होते हैं तथा संसार में जो भी दिख रहा है वह पुदगल है । समय की महत्ता पर बताया कि समय चूकने के बाद काम का कोई अर्थ नहीं रह जाता है। वर्तमान में प्रत्येक जीव पराधीनता के दुख में होता है। पक्षपात की भावना अशुभ भावना होती है। संसार अनिश्चय है, पर स्मरण रहे गुरु आशीर्वाद से हमेशा मनुष्य को सफलता मिलती है मगर अहंकार आने से मनुष्य का पतन शुरू हो जाता है। इस बात का अवश्य ध्यान रखें कि हम सभी खाली हाथ आए हैं खाली हाथ ही जायेंगे मगर पुण्य के काम हमेशा साथ रहते हैं। दिगंबर साधु के बारे में अपने उद्बोधन में बताया कि जहां सेवा भक्त श्रावक होते हैं वहां दिगंबर साधु आते हैं। इससे पूर्व क्षुल्लिका समभाव मति माताजी ने श्रावकों को पांच अणुव्रत अहिंसा, सत्य, अस्तेय ,ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह तथा अष्ट मूलगुण के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि हिंसा में पांच पाप समाहित होते हैं। यदि हम कोई भी नियम लेते हैं और उसका पालन करते हैं तो पुण्य अर्जित होता है। प्रवचन से पूर्व समाज अध्यक्ष रमेश चंद्र कोठारी के नेतृत्व में आर्यिका श्री को अर्घ्य समर्पित कर आमंत्रित किया गया। धर्मसभा में सकल दिगम्बर जैन समाज के सैकड़ों धर्मावलंबी उपस्थित रहे।

शिक्षक संघ ने संयुक्त निदेशक से की मुलाकात, शिक्षकों की समस्याओं के समाधान की मांग



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने मंगलवार को कार्यवाहक संयुक्त निदेशक, स्कूली शिक्षा एवं प्रारंभिक जिला शिक्षा अधिकारी चंद्रशेखर जोशी से मुलाकात कर शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग की। वार्ता का नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष शेर सिंह चौहान ने किया। चौहान ने बताया कि वर्तमान में तृतीय श्रेणी (लेवल-1 एवं 2) के शिक्षकों से डीपीसी के माध्यम से पदोन्नति हेतु सात वर्ष के वार्षिक कार्य मूल्यांकन प्रपत्र (APAR) मांगे जा रहे हैं, जबकि इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट में मामला विचाराधीन है और उदयपुर संभाग की वरिष्ठता सूची अभी तक जारी नहीं की गई है। ऐसे में प्रपत्र मंगाने का कोई औचित्य नहीं बनता। उन्होंने मांग की कि पहले संभाग के सभी पात्र शिक्षकों के नाम जोड़कर वरिष्ठता सूची जारी की जाए, और उसके बाद ही पदोन्नति योग्य शिक्षकों से मूल्यांकन प्रपत्र मांगे जाएं। चौहान ने यह भी बताया कि दो वर्ष पूर्व टीएसपी से नॉन-टीएसपी क्षेत्र में स्थानांतरित 1903 शिक्षकों के वरिष्ठता लाभ को लेकर विभाग ने अब तक कोई स्पष्ट निर्णय नहीं लिया है, जिससे शिक्षकों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

इसके अतिरिक्त संघ ने अक्टूबर 2023 में नियुक्त शिक्षकों के स्थायीकरण आदेश शीघ्र जारी करने, कुक-कम-हेल्पर को एक वर्ष से लंबित दूध गर्म करने व शक्कर राशि जमा कराने का भुगतान करने, तथा जिन विद्यालयों में बाल पोषण योजना के तहत दूध पाउडर समाप्त हो चुका है, वहां तत्काल आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग भी रखी।

वार्ता के दौरान सतीश जैन, भेरूलाल कलाल, कमलेश शर्मा, सुरेश खंडारिया, प्रेम सिंह भाटी, हितेंद्र दवे, गजेंद्र शर्मा, अशोक मीणा, चेतराम मीणा, अमृत कल्याण, प्रदीप भाणावत, सचिन दवे सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे।

वंडर सीमेंट में तीन दिवसीय निःशुल्क नेत्र जाँच एवं परामर्श शिविर का शुभारम्भ

हर ड्राइवर, हर कार्मिक की सुरक्षा, हमारी प्राथमिकता - श्री नितिन जैन



24 न्यूज अपडेट

निम्बाहेड़ा (कविता पारख) वंडर सीमेंट लि., निम्बाहेड़ा द्वारा *CSR नींव इनिशिएटिव* के तहत आज दिनांक 12 से 14 नवंबर 2025 तक कम्पनी परिसर में आने वाले ट्रक चालकों हेतु *तीन दिवसीय विशाल निःशुल्क नेत्र जाँच एवं परामर्श शिविर का शुभारंभ वंडर सीमेंट लि. के यूनिट हेड श्री नितिन जैन एवं महावीर इन्टरनेशनल नेत्र चिकित्सालय चित्तौड़गढ़ के अध्यक्ष श्री अभय कुमार संचेती द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।

श्री जैन ने शिविर का अवलोकन कर श्री संचेती से शिविर की जानकारी ली तथा वंडर सीमेंट के सभी ट्रांसपोर्टर्स, लॉजिस्टिक एवं सभी विभाग से सम्बंधित विभागीय अधिकारियों से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक वाहन चालकों को इस शिविर से जोडकर उनका नेत्र परीक्षण करावें। *इस अवसर पर श्री जैन ने बताया कि कार्मिको एवं ट्रक चालकों की सुरक्षा हमारी प्रथम प्राथमिकता है। शिविर के अंतर्गत सभी वाहन चालकों की आँखों की जांच कर निःशुल्क चश्मा उपलब्ध कराया जा रहा है साथ ही महावीर इन्टरनेशनल नेत्र चिकित्सालय चित्तौड़गढ़ में मोतियाबिंद का ऑपरेशन भी निःशुल्क किया जायेगा।

इस अवसर पर वंडर सीमेंट लिमिटेड से श्री मनोज शर्मा, श्री कपिल व्यास, श्री दुर्गादास राठोड, डॉ विश्वास जैन, श्री हेमेन्द्र सिंह झाला, श्री अखिलेश शाकद्वीपीय, श्री नागेंद्र सिंह चुण्डावत, श्री राजकुमार पाटीदार, श्री पुलकित खमेसरा, श्री विजय सिंह चुण्डावत सहित सम्बंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें। श्री संचेती ने वंडर सीमेंट द्वारा महावीर इन्टरनेशनल नेत्र चिकित्सालय चित्तौड़गढ़ को दिये गये बहुमुल्य सहयोग हेतु कम्पनी प्रबन्धन को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए युनिट हेड श्री नितिन जैन का आभार व्यक्त किया। शिविर का नियमित संचालन महावीर इन्टरनेशनल नेत्र चिकित्सालय चित्तौड़गढ़ से सचिव श्री चन्द्रप्रकाश जैन, शिविर प्रभारी श्री राजेन्द्र संचेती एवं श्री रतन संचेती, ऑप्टोमेट्रिस्ट श्री मनोज वैष्णव एवं श्रीमती शिवानी पांडे, शिविर सहयोगी श्री विनोद महरिया के संयोजन में किया जायेगा।

युवाओं में आत्मविश्वास बढ़ाने वाले मॉडल तैयार करें : डॉ. धीर सिंह



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर में राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली के कृषि विज्ञान केन्द्रों की तीन दिवसीय वार्षिक क्षेत्रीय समीक्षा कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान (एनडीआरआई) के निदेशक डॉ. धीर सिंह ने कहा कि केवीके किसानों की समस्याओं का समाधान खोजने के साथ युवाओं में कृषि के प्रति आत्मविश्वास जगाने वाले मॉडल तैयार करें। कार्यक्रम के अध्यक्ष कुलपति डॉ. प्रताप सिंह ने कहा कि देश में अब विपणन क्रांति की आवश्यकता है। किसान तकनीकी रूप से सक्षम है, परंतु विपणन तंत्र को मजबूत किए बिना आत्मनिर्भर नहीं बन सकता। विशिष्ट अतिथि डॉ. एम.एम. अधिकारी, पूर्व कुलपति विधानचंद्र कृषि विश्वविद्यालय, बंगाल ने कहा कि विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को साकार करने में केवीके की भूमिका निर्णायक रहेगी। उन्होंने सुझाव दिया कि केवीके गांवों को गोद लेकर स्मार्ट विलेज के रूप में विकसित करें। आईसीएआर-अटारी जोन-2, जोधपुर के निदेशक डॉ. जे.पी. मिश्रा ने बताया कि जोन-2 के अधीन 67 केवीके तीनों राज्यों में कार्यरत हैं, जो ईसबगोल, जीरा और डेयरी उत्पादन में देश में अग्रणी हैं। डॉ. आर.एल. सोनी ने कहा कि इस कार्यशाला से डेयरी, उद्यानिकी व दलहन उत्पादन के नए आयाम स्थापित होंगे। कार्यक्रम में डॉ. अरविन्द वर्मा, डॉ. लोकेश गुप्ता, डॉ. धृति सोलंकी, डॉ. मनोज महला, डॉ. राम हरि मीणा, डॉ. सुनील जोशी, सहित जोन के सभी विश्वविद्यालयों के प्रसार शिक्षा निदेशक और 150 से अधिक कृषि वैज्ञानिक उपस्थित रहे। संचालन डॉ. लतिका व्यास ने किया। उद्घाटन सत्र में डॉ. सी.एम. बलाई, डॉ. बी.एस. भाटी, डॉ. मनीराम, डॉ. आर.के. कल्याण, कैलाश खराड़ी द्वारा तैयार "रबी फसलों एवं बागवानी की उन्नत तकनीकियां" सहित छह पुस्तकों का विमोचन किया गया। इसके साथ डॉ. सरोज चौधरी, डॉ. बंशीधर, डॉ. रामनिवास, डॉ. दशरथ प्रसाद, डॉ. नरेश कुमार अग्रवाल, डॉ. प्रीति वर्मा, डॉ. सुरेशचंद कांटवा, डॉ. गोपीचंद सिंह और उनकी टीम द्वारा तैयार कृषि साहित्य का भी विमोचन हुआ।

जन आक्रोश रैली में फूटा सिंधी समाज का गुस्सा, विधायक कृपलानी बोले – "भगवान झूलेलाल, महाराजा अग्रसेन और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के अपमान को समाज कभी सहन नहीं करेगा"



24 न्यूज अपडेट

निम्बाहेड़ा (कविता पारख) छत्तीसगढ़ के कथित नेता अमित बघेल द्वारा भगवान झूलेलाल, महाराजा अग्रसेन एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के प्रति दिए गए अपमानजनक बयान के विरोध में बुधवार को सिंधी समाज द्वारा जन आक्रोश रैली का आयोजन किया गया। रैली में सिंधी पंचायत, श्री झूलेलाल एजुकेशनल ट्रस्ट, राष्ट्रीय सिंधी समाज और अखिल भारतीय महिला सिंधी संगठन के सदस्य बड़ी संख्या में शामिल हुए। रैली माल गोदाम रोड स्थित नेहरू पार्क से प्रारंभ होकर मोती बाजार, चित्तौड़ी दरवाजा, चंदन चौक, परशुराम सर्कल, शेखावत सर्कल होते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंची, जहां उपखंड अधिकारी विकास पंचोली को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। रैली का नेतृत्व पूर्व यूडीएच मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी ने किया। उन्होंने कहा कि ऐसे अपमानजनक बयान केवल किसी समाज पर नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र की संस्कृति पर प्रहार हैं। प्रशासन को दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। इस अवसर पर पूर्व विधायक अशोक नवलखा, भाजपा नगर अध्यक्ष कपिल चौधरी, पूर्व नगर अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी, महामंत्री देवकरण समदानी, जिला मंत्री पारस विरवाल, प्रवक्ता मानवेंद्र सिंह चौहान, नगर उपाध्यक्ष जगदीश माली, गोपाल पंचोली, ओबीसी मोर्चा नगर अध्यक्ष लाला दशोरा, सोनू आकाश पारख सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सिंधी समाज से भजन जिज्ञासु, मोतीलाल आहूजा, लव आहूजा, वर्षा कृपलानी, जय लालवानी, हर्षा वासवानी, विनोद पुरसवानी, रौनक मंघनानी, प्रकाश मंघनानी, हरीश पुरसवानी, श्याम पुरसवानी, अशोक पुरसवानी, मनोज रहवानी, हितेश दतवानी, गागो माखीजा, बंसीलाल जीवनानी, गोपाल कृपलानी आदि बड़ी संख्या में मौजूद रहे। रैली के दौरान "जय झूलेलाल", "भगवान अग्रसेन की जय" और "दोषियों को सजा दो" जैसे नारे गूंजते रहे। कार्यक्रम शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न हुआ। अंत में भजन जिज्ञासु ने सभी उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया।

उदयपुर में जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप ट्रॉफी का भव्य स्वागत कल



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। राजस्थान और उदयपुर के हॉकी प्रेमियों के लिए गौरव का अवसर तब होगा जब एफआईएच जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप ट्रॉफी का आज प्रातः 9 बजे महाराणा प्रताप एयरपोर्ट पर आगमन होगा। ट्रॉफी का स्वागत हॉकी राजस्थान एवं हॉकी उदयपुर के पदाधिकारियों, खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों द्वारा किया जाएगा। हॉकी उदयपुर सचिव डॉ. कुलदीप सिंह झाला ने बताया कि एयरपोर्ट स्वागत के बाद ट्रॉफी का पहला अनावरण एवं अवलोकन समारोह प्रातः 10:15 बजे सिटी पैलेस परिसर में आयोजित होगा। इस ऐतिहासिक मौके पर मेवाड़ राजपरिवार के सदस्य डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ या निवृत्ति कुमारी मेवाड़, ओलंपियन एवं अर्जुन अवॉर्डी अशोक कुमार ध्यानचंद, हॉकी राजस्थान अध्यक्ष अरुण कुमार सारस्वत, महासचिव मित्रानंद पूनिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. महिपाल सिंह निम्बाड़ा, तथा हॉकी उदयपुर अध्यक्ष प्रो. दरियाव सिंह चूंडावत की विशेष उपस्थिति रहेगी। दोपहर 12 बजे ट्रॉफी का दूसरा स्वागत समारोह विद्या भवन स्कूल में होगा, जिसकी अध्यक्षता पूर्व संभागीय आयुक्त राजेन्द्र भट्ट करेंगे तथा मुख्य आतिथ्य अशोक कुमार ध्यानचंद का रहेगा। इस कार्यक्रम में शैलेंद्र सिंह, पुष्पा शर्मा, गोपाल बंब, और रंजना शर्मा सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का संयोजन नाहर सिंह झाला और कुलदीप शर्मा, जबकि समन्वयन डॉ. दिग्विजय सिंह राणावत एवं ललित प्रजापत द्वारा किया जाएगा। हॉकी राजस्थान के अध्यक्ष अरुण सारस्वत, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. महिपाल सिंह निम्बाड़ा, और हॉकी उदयपुर अध्यक्ष प्रो. दरियाव सिंह चूंडावत ने तैयारियों का निरीक्षण कर कहा कि ट्रॉफी का यह टूर उदयपुर के लिए गर्व का क्षण है, जो युवाओं को हॉकी खेल के प्रति प्रेरित करेगा।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।